प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
14.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

सम्मेलन

शिमला के पीटर हॉफ में चल रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन के समापन अवसर पर आज शाम मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर विशेष अतिथि के रूप भी मौजूद रहेंगे। कल से शुरू हुए राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन में पारंपरिक संस्थाओं और आधुनिक तकनीकी समाधानों के बीच नई संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त होगा। सम्मेलन में कृषि, डेयरी, ग्रामीण विकास, सहकारी बैंकिंग और वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र के प्रतिनिधि एक ही मंच पर जुटे हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है। शिमला में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कल उन्होंने कहा कि शिमला जिला के चमियाणा, हमीरपुर और चंबा मेडिकल कॉलेजों में 25–25 करोड़ रुपये की लागत से स्वचालित प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएगी। उन्होंने चंबा मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण इस वर्ष अक्तूबर माह तक पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी मेडिकल कॉलेजों में कर्मचारियों, मशीनरी व उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दे रही है और राज्य में नर्सिंग स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए नाहन, हमीरपुर, कुल्लू व चंबा में अगले शैक्षणिक सत्र से नर्सिंग कक्षाएं शुरू किए जाएंगे।

केन्द्रीय मंत्री दौरा

सड़क परिवहन व राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टमटा आज कुल्लू व मनाली विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे। देर शाम वे कुल्लू में एन एच ए आई व् अन्य संबधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। अधिक जानकारी के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता.........

*सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टमटा आज कुल्लू जिला के दौरे पर पहुँच रहे है स इस दौरान वे आपदाग्रस्त इलाको का दौरा करेंगे व् प्रभावितो से मिलेंगे स देर शाम वे कुल्लू में एन एच ए आई व् अन्य संबधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और ताज़ा हालात का जायजा लेंगे बाद में वे मनाली विधानसभा क्षेत्र का भी दौरा करेंगे। आकाशवाणी के लिए मैं कुल्लू से आशीष शर्मा ..*

हिन्दी दिवस

आज हिंदी दिवस है। इसी दिन वर्ष 1949 में संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिंदी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। आज, हिंदी दुनिया की सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और 52 करोड़ से ज़्यादा लोगों की पहली भाषा है। इस अवसर पर देश सहित प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज गुजरात के गांधीनगर में पाँचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

मौसम

राजधानी शिमला समेत प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी है। पिछले 24 घंटों के दौरान कुल्लू, चम्बा, शिमला सहित अन्य क्षेत्रों में व्यापक वर्षा हुई है। राज्य हो रही भारी वर्षा से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। कांगड़ा, बिलासपुर, हमीरपुर, चम्बा और मंडी सहित कई अन्य जिलों में भूस्खलन की घटना से भारी नुकसान होने का समाचार है। भारी बारिश के कारण पौंग बाध का जलस्तर फिर से बढ़ गया है। अधिक जानकारी के साथ शिमला जिले से हमारे संवाददाता

राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र के अनुसार भू–स्खलन के कारण प्रदेश में तीन राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 5 सौ 58 सड़कें अभी भी बंद हैं। इसके अलावा 2 सौ 37 विद्युत ट्रांसफार्मर और 3 सौ 17 पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हैं। राज्य में मॉनसून सीजन के दौरान अब तक 3 सौ 94 लोगों की मृत्यु हुई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में राज्य के सात जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

दैनिक जागरण, ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से सुर्खी दी है–नाहन, हमीरपुर, कुल्लू व चंबा कॉलेज में नर्सिंग कक्षाएं अगले सत्र से। दैनिक भास्कर के शब्द हैं–हरित हिमाचल का लक्ष प्राप्त करने को सीएम ने नाबर्ड से मांगा सहयोग।

मौसम पर दैनिक भास्कर का कहना है–बिलासपुर के नम्होल में बादल फटने से घरों और खेतों में घुसा मलवा, 7 वाहन क्षतिग्रस्त। दिव्य हिमाचल लिखता है–बिलासुपर–चंबा में बादल फटा जबकि अमर उजाला की सुर्खी है–बिलासपुर में बादल फटा, मंडी में भूस्खलन से आठ घर क्षतिग्रस्त, कुल्लू में युवक बहा।

————————————